Library

School of Planning and Architecture, Bhopal

S.No.01 February,2022

सिटी भास्कर Page No. 05	17/02/2022

दैनिक भास्कर भोपाल 17-02-2022

बर्ड काउंट एक्टिविटी... करीब 82 प्रजाति के पक्षियों ने कॉलेज कैंपस को बनाया है अपना आशियाना

एसपीए कैंपस में पहली बार हुई बर्ड काउंटिंग, अपना घोंसला बनाता दिखा इनडेंजर्ड माना जाने वाला इजिप्शियन वल्चर जोड़ा

सिटी रिपोर्टर | भोपाल बर्ड्स ने स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) में कैंपस बर्ड काउंट एक्टिविटी की। शहर के ग्रीन कैंपस की बायोडायवर्सिटी को पहचानने हुई एक्टिविटी में कॉलेज के 25 प्रोफेसर्स शामिल हुए। यहां करीब 82 प्रजाति के पक्षियों को आइडेंटिफाई किया गया। एक्सपर्ट के तौर पर डॉ. संगीता राजगीर, मो. खालिक और डॉ. विपिन धोटे मौजूद रहे। इसे एसपीए में असिस्टेंट प्रोफेसर अपूर्वा लक्ष्मी ने कोऑर्डिनेट किया। यहां इनडेंजर्ड स्पिशीज में गिना जाने वाला इजिप्शियन वल्चर जोड़ा भी घोंसला तैयार करता नजर आया। साथ ही स्थानीय, प्रवासी पक्षी भी नजर आए।

इजिप्शियन वल्चर

ऐसे हुआ कैंपस बर्ड काउंट

25 प्रोफेसर को दो टीमों में बांटा गया। हर टीम में दो रिसोर्स पर्सन रखे गए। सभी के हाथों में बायनाकुलर जरूरी था। दोनों टीमें एक-दूसरे से बिल्कुल उलटी दिशा में पक्षियों को निहारते हुए आगे बढ़ीं। कैंपस में अमूमन पक्षी किन जगहों पर नजर आते हैं, इसकी जानकारी प्रोफेसर्स ने दी। फील्ड गाइड से मिलान करते हुए पक्षियों को पहचाना और संख्या लिखते गए। अंत मे दोनों टीम ने डाटा साझा कर कैंपस बर्ड काउंट निकाला।

येलो फुटेड ग्रीन पिजन